# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (16.02.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 16.02.2025, PAGE-06

**बीआरएबीयू: कुलपति की अध्यक्षता में इंप्लीमेंट एंड मॉनिटरिंग सेल की हुई बैठक, 32 एजेंडे रखे गये**

# बीसीए से एमसीए तक की बढ़ी फीस

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में बीसीए से एमसीए तक की फीस बढ़ गई है। विवि में शनिवार को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में हुई इंप्लीमेंट एंड मॉनिटरिंग सेल की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में मिथिला पेंटिंग सहित अन्य कोर्स खोलने पर मुहर भी लगी।

आईएमसी की बैठक में 32 एजेंडों को रखा गया था। सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने बताया कि वोकेशनल कोर्स में 10 साल से अधिक से काम कर रहे तृतीय वर्ग के कर्मियों का वेतन 18 हजार से 19 हजार और 10 साल से कम से काम कर रहे कर्मचारियों का वेतन 16 हजार से 17 हजार कर दिया गया है। आईएमसी की बैठक में रिसोर्स पर्सन के मानदेय में वृद्धि नहीं हुई है। विवि के गेस्ट हाउस में सुबह 10.30 बजे आईएमएसी की बैठक शुरू हुई। बैठक दोपहर 12.30 बजे तक चली। बैठक में कॉलेजों से आये नये कोर्स के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। आईएमसी से कोर्स पास होने के बाद विवि इन्हें सीनेट से पास कराकर सरकार के पास भेजेगा।

**आरबीबीएम में मिथिला पेंटिंग, एमडीएम में पत्रकारिता का कोर्स:** बैठक में आरबीबीएम कॉलेज में मधुबनी पेंटिंग, क्लीनिकल साइकोलॉजी, ब्यूटिशियन, मशरूम कल्चर और गीता कोर्स पास किया गया है। एमडीडीएम कॉलेज में पत्रकारिता और योगा का कोर्स पास किया गया है। आरसी कॉलेज सकरा में बीलिस, सीसीए, सीएलसी, ब्यूटिशियन और मधुबनी पेंटिंग का कोर्स पास किया गया है। एलएनटी कॉलेज में बीएमसी और बीसीए का कोर्स पास किया गया है। जीवछ कॉलेज में सीसीए और सीएलसी का सर्टिफिकेट कोर्स पास किया गया है। बीआरएबीयू के पीजी बॉटनी विभाग में मशरूम कल्टीवेशन में सर्टिफिकेट कोर्स और कंप्यूटर एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का कोर्स पास किया गया है।



गेस्ट हाउस में शनिवार को बैठक में मौजूद कुलपति व अन्य अधिकारी।

**किस विषय में कितनी फीस**

| | |
|---|---|
| बीसीए और बीबीए फर्स्ट | पहले- 12500-अब- 15000 |
| बीसीए और बीबीएम 2-6सेम. | पहले-6500, अब 7500 |
| आईएमबी | पहले- 14000, अब- 15000 |
| सीएनडी | पहले- 10000-अब- 15000 |
| एमसीए प्रथम सेमेस्टर | पहले- 21000, अब- 25000 |
| सेकेंड से अंतिम सेम तक | पहले- 14000, अब- 15000 |
| बीलिस | पहले- 13000, अब- 20000 |
| योगा | पहले- 10000, अब- 15000 |
| क्लीनिकल साइकोलॉजी | पहले- 10000, अब- 12000 |

- वोकेशनल कोर्स में तृतीय वर्ग के कर्मियों का वेतन भी बढ़ा
- मिथिला पेंटिंग सहित अन्य कोर्स खोलने पर लगी मुहर

## 'अगले साल विवि करेगा एकेडमिक सेलिब्रेशन'

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू अगले वर्ष अपने 74 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एकेडमिक सेलिब्रेशन करेगा। इसकी घोषणा कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने शनिवार को की। उन्होंने गेस्ट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने एक साल के कार्यकाल का लेखा-जोखा बताया और अगले एक साल में विवि में होने वाले कामों का रोड प्लान भी लोगों के बीच रखा। कार्यक्रम में बीआरएबीयू के सारे अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

कुलपति ने कहा कि बीते एक साल में विवि में कई काम हुए हैं, लेकिन सर्टिफिकेट और डिग्री का काम कुछ पीछे है। इसे ठीक किया जा रहा है। कुलपति ने कहा कि उनके आने के बाद विवि में सीनेट का चुनाव रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्ण की देखरेख में हुआ। इसके अलावा कई एमओयू हुए। विवि के पीजी विभागों में नौ अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कुलपति ने कहा कि विवि में शोध को बढ़ावा देने के लिए वह जुटे हुए हैं। शोध समाज और देश की जरूरत के हिसाब से हो, इसके लिए वह इसकी निगरानी कर रहे हैं। बीआरएबीयू में पीएचडी की सीटें कम बची हैं, इसलिए वर्ष 2023 व 2024 की पैट की परीक्षा एक साथ होगी। सभी पीजी विभागों को निर्देश दिया है कि वह अब जो भी सेमिनार कराएं।

**एक साल में 30 एमओयू हुए, 20 और कतार में**

कुलपति ने बताया कि बीआरएबीयू में एक साल में 30 संस्थानों से एमओयू किये गये हैं। 20 एमओयू और होने वाले हैं। हमलोग जल्द ही महावीर कैंसर संस्थान, नाइपर हाजीपुर से भी एमओयू करने जा रहे हैं। नैक मूल्यांकन को लेकर वीसी ने कहा कि विवि में कुछ मरम्मत का काम बाकी है। इसके पूरा होते ही नैक मूल्यांकन का काम शुरू हो जायेगा। नैक मूल्यांकन में ए प्लस ग्रेड लाना हमारी पहली प्राथमिकता है।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 16.02.2025, PAGE-06

# इंडोर टेबल टेनिस क्रीड़ा भवन का उद्घाटन

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि के कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र राय ने फीता काटकर विवि परिसर में बने इंडोर टेबल टेनिस क्रीड़ा भवन का उद्घाटन किया। वीसी ने कहा कि टेबल टेनिस क्रीड़ा भवन के निर्माण से खिलाड़ियों को अभ्यास करने में सुविधा होगी। साथ ही नए और प्रतिभावान खिलाड़ी निकलकर आएंगे। वे न सिर्फ अपना बल्कि विवि का भी नाम रौशन करेंगे।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 16.02.2025, PAGE-06

# वोकेशनल कोर्स में सेंट्रल एडमिशन टेस्ट से नामांकन, बढ़ेगी फीस

- कुलपति की अध्यक्षता में हुई आइएमसी की बैठक में कई एजेंडों पर लगी मुहर
- कालेजों में नए वोकेशनल कोर्स शुरू करने से पहले आधारभूत संरचना की होगी जांच
- पीजी गणित विभाग में संचालित एमसीए में अब 40 से बढ़कर 60 हुई सीटों की संख्या

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में संचालित होने वाले विभिन्न वोकेशनल कोर्सों की फीस में बढ़ोतरी होगी। नए सत्र में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक वोकेशनल कोर्सों में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों पर इसका असर पड़ेगा। सभी कोर्सों में प्रथम सेमेस्टर से लेकर फाइनल सेमेस्टर तक फीस संरचना में वृद्धि की गई है। अधिक डिमांड वाले कोर्स जैसे बीबीए, बीसीए और एमसीए के शुल्क में अपेक्षाकृत अधिक बढ़ोतरी हुई है। सत्र 2025-26 से वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए विश्वविद्यालय स्तर से आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके बाद विश्वविद्यालय स्तर से सेंट्रल एडमिशन टेस्ट का आयोजन होगा। परिणाम के बाद मेरिट लिस्ट तैयार कर विश्वविद्यालय ही वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए विद्यार्थियों का आवंटन करेगा।



विश्वविद्यालय में आइएमसी की बैठक करते कुलपति प्रो .डीसी राय • जागरण

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में आयोजित आइएमसी (इंप्लीमेंटेशन एंड मानिटरिंग कमिटी) की बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है। दूसरी ओर पीजी गणित विभाग में संचालित होने वाले एमसीए कोर्स में 40 की जगह 60 सीटों पर नामांकन होगा। पहले कोर्स फीस 89 हजार रुपये था। अब यह बढ़कर एक लाख 25 हजार हो गया है। इसी तरह बीबीए, बीसीए कोर्स का शुल्क 45 हजार से बढ़कर करीब 52 हजार 500 हो गया है। दूसरी ओर कम डिमांड वाले वोकेशनल कोर्स में प्रथम सेमेस्टर में करीब एक हजार की बढ़ोतरी सभी सेमेस्टर में की गई है।

विश्वविद्यालय की ओर से जल्द ही नया शुल्क संरचना कालेजों को उपलब्ध कराई जाएगी। एलएन कालेज में संचालित बीसीए कोर्स में सीटों की संख्या 50 से 100 किए जाने पर सहमति बनी है। बैठक में प्राक्टर प्रो. बीएस राय, सीसीडीसी डा. मधु सिंह, एमडीडीएम कालेज की प्राचार्य डा. कनुप्रिया, बाटनी विभागाध्यक्ष डा. रंजना कुमारी, गणित विभागाध्यक्ष डा. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान, सीनेट सदस्य डा. संजय सुमन समेत अन्य रहे।

### वोकेशनल कोर्स के शुल्क में ऐसे होगी वृद्धि

बीसीए और बीबीए

पुराना शुल्क - प्रथम सेमेस्टर - 12 हजार 500, बाकी पांच सेमेस्टर में 6500 प्रति सेमेस्टर।

नया शुल्क - प्रथम सेमेस्टर - 15 हजार, बाकी पांच सेमेस्टर में 7500 प्रति सेमेस्टर।

आइएमबी - एक हजार की वृद्धि ( 15 हजार, 13 हजार, 13 हजार)

सीएनडी - एक हजार की वृद्धि ( प्रति वर्ष अब 11 हजार)

इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री - एक हजार की वृद्धि (प्रति वर्ष अब 12500, 12300, 12300)

आइएफएएफ - एक हजार की वृद्धि ( प्रति वर्ष 15 हजार)

सीआइसी - एक हजार की वृद्धि ( 11 हजार)

पीजीडीसीए - एक हजार की वृद्धि ( 15 हजार)

बीएमसी - एक हजार की वृद्धि ( 13 हजार प्रति वर्ष)

फैशन डिजाइनिंग - एक हजार की वृद्धि ( 15 हजार प्रति वर्ष)

फूड साइंस क्वालिटी कंट्रोल - एक हजार की वृद्धि ( 11 हजार प्रति वर्ष)

कंपाउंड एक्वाकल्चर - एक हजार की वृद्धि

बायोटेक्नोलाजी - एक हजार की वृद्धि

पीजीडी इन क्लीनिकल साइकोलाजी - एक हजार की वृद्धि

पीजीडी इन योगिक स्टडीज - दो हजार की वृद्धि

पीजीडीसीए - एक हजार की वृद्धि

बीलिस - दो हजार की वृद्धि

(शुल्क में संशोधन हो सकता है)

### कालेजों में कई सर्टिफिकेट कोर्सों का होगा संचालन

कालेजों में सर्टिफिकेट कोर्स के संचालन पर सहमति प्रदान की गई है। इसमें छह महीने से एक वर्ष तक कोर्स शामिल है। डिप्लोमा स्तरीय बीलिस कोर्स के रूप में सर्टिफिकेट कोर्स के संचालन पर सहमति बनी है। दूसरी ओर तीन वर्षीय नए वोकेशनल कोर्स के संचालन के लिए कालेजों की आधारभूत संरचनाओं की जांच होगी। विश्वविद्यालय के स्तर से कमिटी का गठन कर इसकी जांच कराएगी। जांच समिति की अनुशंसा के आधार पर ही नए कोर्स के संचालन की अनुमति मिलेगी।

### एजेंसी से रखे जाएंगे नन टीचिंग स्टाफ

कालेजों में संचालित होने वाले वोकेशनल कोर्सों के लिए नन टीचिंग स्टाफ की सेवाएं एजेंसी से ली जाएंगी। इसके लिए जल्द ही कालेजों को गाइडलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। नई नियुक्तियों के लिए एजेंसी की सेवा ली जाएंगी। वहीं वोकेशनल कोर्स के नन टीचिंग स्टाफ के रेमुनरेशन में एक हजार की वृद्धि की गई है। कुलपति ने कहा कि सभी वोकेशनल कोर्स से इसके फंड की जानकारी प्राप्त की जाएगी। इस आधार पर आने वाले दिनों में फैसला लिया जाएगा।

### इन कालेजों में जल्द ही शुरू किए जाएंगे नए कोर्स

पीजी बाटनी विभाग में शार्ट टर्म स्किल एन्हेंसमेंट कोर्स इन कंप्यूटर एंड इंफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलाजी, सर्टिफिकेट कोर्स इन मशरूम कल्टीवेशन एंड स्पान प्रोडक्शन, आरबीबीएम कालेज में सर्टिफिकिट कोर्स इन क्लीनिकल साइकोलाजी, ब्युटीशियन केयर, मधुबनी पेंटिंग, मशरूम कल्चर, सर्टिफिकेट कोर्स इन गीता, एमडीडीएम कालेज में बीएमसी, बीलिस और योगा कोर्स, आरसी कालेज सकरा में बीलिस, बीएमसी, सीसीए, सीएलसी और ब्युटिशियन और मधुबनी पेंटिंग, नीतीश्वर कालेज में बीलिस, योगा, सर्टिफिकेट कोर्स इन फैशन टेक्नोलाजी और मधुबनी पेंटिंग, आरएन कालेज हाजीपुर में 11 नए कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव, सीएन कालेज साहेबगंज में बी वोक कोर्स इन डेयरी टेक्नोलाजी एंड फूड टेक्नोलाजी,आरएसएस महिला कालेज सीतामढ़ी में बीलिस, फैशनल डिजाइनिंग और सीएनडी कोर्स, एसआरपीएस कालेज जैतपुर में बीबीए और बीसीए, एसएलके सीतामढ़ी कोर्स में बीबीए, बीसीए, राजकीय डिग्री कालेज पकड़ीदयाल में बीबीए और बीसीए, जीवछ कालेज मोतीपुर में सीएलसी और सीसीए कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव को मंजूरी मिली।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:16.02.2025, PAGE-06

# विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में होगा दीक्षा समारोह

- कुलपति प्रो. डीसी राय ने प्रस्तुत किया विश्वविद्यालय का रोडमैप, अगले वर्ष होगा अकादमिक उत्सव
- विज्ञान विषयों के लिए खरीदे जाएंगे एक करोड़ के उपकरण रूसा के फंड से आएंगे कंप्यूटर

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि विश्वविद्यालय आडिटोरियम में दीक्षा समारोह और एलुमनी मीट का आयोजन किया जाएगा। नई डिजाइन से इसका जीर्णोद्धार कराते हुए इसे वैश्विक स्तर की सुविधाओं से लैस किया जाएगा। साथ ही विश्वविद्यालय में अगले वर्ष से अकादमिक उत्सव शुरू होगा। इसमें सभी पीजी विभागों की भागीदारी होगी। विश्वविद्यालय के एकेडमिक पार्टनर के सहयोग से सेमिनार और वर्कशाप का आयोजन होगा। यह एकेडमिक सेलिब्रेशन एक वर्ष तक चलेगा। कुलपति ने पिछले एक वर्ष में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और



भविष्य का रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण रिसर्च पर फोकस होगा। कहा सभी शिक्षकों से रिसर्च प्रपोजल मंगाए गए हैं। उन्हें जल्द ही सीड और रिसर्च ग्रांट विश्वविद्यालय की ओर से उपलब्ध कराया जाएगा। पीजी भौतिकी विभाग में सेंट्रलाइज्ड इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर की स्थापना की गई है। इसमें विज्ञान संकाय के लिए करीब एक करोड़ के उपकरण खरीदे जाएंगे। जितने भी उपकरण खरीदे जाएंगे सब पर पांच वर्ष का मेंटिनेंस की सुविधा भी मिलेगी। तेजी (स्पीड), सटीकता (एकुरेसी) और पारदर्शिता (ट्रांसपेरेंसी) के लिए विश्वविद्यालय में आइटी सेवाओं की शुरुआत होगी।

### विश्वविद्यालय का रोडमैप

प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन, विश्वविद्यालय का अपना पीजी ला, मैनेजमेंट, एजुकेशन, संगीत, भोजपुरी और समाजशास्त्र विभाग की स्थापना, ग्रीन कैंपस, सिटी डेलिगेसी फार नन हास्टलर्स, रिनोवेशन आफ आडिटोरियम, रिवाइल पब्लिकेशन डिवीजन, ट्रांसपोर्ट डिवीजन, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, एम्फीथियेटर ( इंडोर, आउटडोर, स्विमिंग और जिम्नेजियम) और 24.7 लाइब्रेरी की सुविधा।

### मार्च के अंत में होगी सीनेट की बैठक

विश्वविद्यालय में मार्च के अंत तक सीनेट की बैठक होगी। इसके लिए तिथि का प्रस्ताव राजभवन को भेजा गया है। सबकुछ ठीक रहा तो मार्च के अंत तक बैठक होगी। सीनेट की बैठक में ही सिंडिकेट के सदस्यों का चुनाव होगा। विश्वविद्यालय में रूसा के फंड से बड़े पैमाने पर आई फाइव कंप्यूटर की खरीदारी होगी। यह पांच वर्ष की वारंटी की सुविधा से लैस होगा। विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों और पीजी विभागों को कंप्यूटर दिया जाएगा। अगले फेज में अगर कोई भी शिक्षक कंप्यूटर लेना चाहेंगे तो उन्हें प्रदान किया जाएगा। लाइब्रेरी में एक ऐसे संभाग बनाया जाएगा जहां दृष्टिबाधित बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN,
MUZAFFARPUR
DATE:16.02.2025
PAGE-07

# इंडोर टेबल टेनिस भवन का किया उद्घाटन

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब छात्र-छात्राओं और खिलाड़ियों को टेबल टेनिस खेलने की सुविधा मिलेगी। राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए अब खिलाड़ी यहां अभ्यास भी कर सकेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय में इंडोर टेबल टेनिस क्रीड़ा भवन की शुरुआत हो गई है। कुलपति प्रो. डीसी राय ने शनिवार को इसका उद्घाटन किया। यह भवन एलएस कालेज के बैडमिंटन हाल के पीछे अवस्थित होगा। नए सेंटर में फिलहाल दो टेबल टेनिस बोर्ड की सुविधा दी गई है। आने वाले दिनों में इसे बढ़ाया जाएगा। कुलपति ने कहा कि टेबल टेनिस क्रीड़ा भवन से खिलाड़ियों को काफी फायदा होगा। नए प्रतिभावान खिलाड़ी सामने आएंगे। स्पोर्ट्स काउंसिल के सेक्रेटरी डा. कांतेश कुमार ने कहा कि खिलाड़ियों को अभ्यास की सुविधा मिलेगी। अभ्यास कराए जाने की जिम्मेदारी सन्नी कुमार को दी गई है। यहां विश्वविद्यालय और कालेज के खिलाड़ी खेल सकेंगे।

PRABHAT KHABAR
MUZAFFARPUR
DATE:16.02.2025, PAGE-04


# 24 घंटे तक खुलेगी लाइब्रेरी शिक्षक भी सदस्यता पायेंगे

- कार्यकाल के एक वर्ष पूरे, बीआरएबीयू के वीसी ने की प्रेसवार्ता
- कहा- रूसा के फंड से बड़े पैमाने पर होगी कंप्यूटर की खरीदारी
- सभी विभागों में होंगे कंप्यूटर, दृष्टिबाधितों के अध्ययन की व्यवस्था



विश्वविद्यालय में प्रेसवार्ता करते कुलपति प्रोफेसर दिनेश चंद्र राय.

**उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू में मार्च के अंत तक सीनेट की बैठक होगी. इसके लिए तिथि का प्रस्ताव राजभवन को भेजा गया है. सीनेट की बैठक में ही सिंडिकेट के सदस्यों का चुनाव होगा. विवि में रूसा के फंड से बड़े पैमाने पर आइ फाइव कंप्यूटर की खरीदारी होगी. यह पांच वर्ष की वारंटी की सुविधा से लैस होगी. विवि के सभी अधिकारियों व पीजी विभागों को कंप्यूटर दिया जायेगा. अगले फेज में अगर कोई भी शिक्षक कंप्यूटर लेना चाहेंगे तो उन्हें भी दिया जायेगा. यह बातें कुलपति प्रो डीसी राय ने एक वर्ष के कार्यकाल के पूरा होने के उपलक्ष्य में प्रेसवार्ता में कहीं. इस दौरान उन्होंने पिछले एक वर्ष में विवि की उपलब्धियां गिनायीं. कहा-रिसर्च की गुणवत्ता बेहतर करने के लिए वे सभी पीएचडी साक्षात्कार में उपस्थित होते हैं. करीब तीन दर्जन संस्थानों से विश्वविद्यालय ने अकादमिक करार किया है. आने वाले दिनों में महावीर कैंसर रिसर्च संस्थान सहित अन्य संस्थान से भी एमओयू होगा. लाइब्रेरी की सदस्यता शिक्षकों को भी दी जायेगी.वे वहां बैठकर रिसर्च व अन्य कार्य कर सकेंगे.साइबर लाइब्रेरी में भी सदस्यता दी जायेगी. आने वाले दिनों में इसे 24 घंटा खोले जाने की योजना है. दृष्टिबाधित बच्चों की पढ़ाई के लिए भी यहां व्यवस्था रहेगी. विवि का आडिटोरियम वैश्विक स्तर का होगा. इसी में दीक्षांत व एलुमनी मीट करायेंगे. मौके पर प्रॉक्टर प्रो बीएस राय, आइक्यूएसी निदेशक डॉ कल्याण झा, इंस्पेक्टर ऑफ कालेजेज आर्ट्स डॉ राजीव, साइंस डॉ अरविंद, परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान, डॉ अमर बहादुर शुक्ला सहित अन्य रहे.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 16.02.2025, PAGE-04

**बीआरएबीयू.** एमसीए की 40 की जगह 60 सीटों पर होगा नामांकन

# वोकेशनल कोर्स की बढ़ जायेंगी सीटें, फी में भी अब होगा इजाफा



▫ कुलपति की अध्यक्षता में आइएमसी की हुई बैठक, लिये गये कई निर्णय

**उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

### इन कॉलेजों में नए कोर्स शुरू होंगे

पीजी बॉटनी विभाग में शार्ट टर्म स्किल एन्हंसमेंट कोर्स इन कंप्यूटर एंड इंफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलाजी, सर्टिफिकेट कोर्स इन मशरूम कल्टीवेशन एंड स्पान प्रोडक्शन, आरबीबीएम कालेज में सर्टिफिकिट कोर्स इन क्लीनिकल साइकोलॉजी, ब्युटीशियन केयर, मधुबनी पेंटिंग, मशरूम कल्चर, सर्टिफिकेट कोर्स इन गीता, एमडीडीएम कालेज में बीएमसी, बीलिस और योगा कोर्स, आरसी कॉलेज सकरा में बीलिस, बीएमसी, सीसीए, सीएलसी और ब्यूटीशियन व मधुबनी पेंटिंग, नीतीश्वर कॉलेज में बीलिस, योगा, सर्टिफिक्केट कोर्स इन फैशन टेक्नोलॉजी व मधुबनी पेंटिंग, आरएन कालेज हाजीपुर में 11 नए कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव, सीएन कालेज साहेबगंज में बी वोक कोर्स इन डेयरी टेक्नोलॉजी एंड फूड टेक्नोलॉजी,आरएसएस महिला कालेज सीतामढ़ी में बीलिस, फैशनल डिजाइनिंग व सीएनडी कोर्स, एसआरपीएस कालेज जैतपुर में बीबीए और बीसीए, एसएलके सीतामढ़ी कोर्स में बीबीए, बीसीए, राजकीय डिग्री कालेज पकड़ीदयाल में बीबीए और बीसीए, जीवछ कालेज मोतीपुर में सीएलसी व सीसीए कोर्स शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली.

बीआरएबीयू के वोकेशनल कोर्स की फी में बढ़ोतरी की जायेगी. नये सत्र में नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं पर इसका सीधा असर पड़ेगा. इसके साथ ही सत्र 2025-26 से वोकेशनल कोर्स में होने वाले नामांकन के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा होगी. इससे पहले विवि स्तर से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अपनायी जायेगी. विवि ही वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए विद्यार्थियों का आवंटन करेगा. कुलपति प्रो डीसी राय की अध्यक्षता में आयोजित आइएमसी (इंप्लीमेंटेशन एंड मानिटरिंग कमेटी) की बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी.

दूसरी ओर पीजी गणित विभाग में संचालित होने वाले एमसीए कोर्स में 40 की जगह 60 सीटों पर नामांकन होगा. बीबीए, बीसीए व एमसीए कोर्स के फीस में अधिक बढ़ोतरी की गयी है. कम डिमांड वाले कोर्स में एक हजार रुपये की बढ़ोतरी हुई है. एलएन कॉलेज भगवानपुर में संचालित बीसीए कोर्स में सीटों की संख्या 50 से 100 किए जाने पर सहमति बनी है. बैठक में प्राक्टर प्रो बीएस राय, सीसीडीसी डॉ मधु सिंह, एमडीडीएम कॉलेज की प्राचार्य डॉ कनुप्रिया, बॉटनी विभागाध्यक्ष डॉ रंजना, गणित विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान, सीनेट सदस्य डॉ संजय सुमन सहित अन्य मौजूद थे.

**नये कोर्स शुरू करने से पहले संरचना जांचेंगे** :बैठक में कालेजों में सर्टिफिक्केट कोर्स के संचालन पर सहमति प्रदान की गयी है. इसमें छह महीने से एक वर्ष तक के कोर्स शामिल हैं. डिप्लोमा स्तरीय बीलिस कोर्स के रूप में सर्टिफिक्केट कोर्स के संचालन पर सहमति बनी है. दूसरी ओर तीन वर्षीय नए वोकेशनल कोर्स के संचालन के लिए कॉलेजों की आधारभूत संरचनाओं की जांच होगी. विवि के स्तर से कमेटी का गठन कर इसकी जांच करायी जायेगी. जांच समिति की अनुशंसा के आधार पर ही नये कोर्स के संचालन की अनुमति मिलेगी. जिन कॉलेजों की आधारभूत संरचना बेहतर है, वहां नया कोर्स का संचालन होगा. वोकेशनल कोर्स के लिए नन टीचिंग स्टाफ की सेवाएं एजेंसी से ली जायेगी. कोर्स के नन टीचिंग स्टाफ के रेमुनरेशन में एक हजार की वृद्धि की गयी है.

▫ खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए स्कैन करें.